भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 482

(दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए)

पंजाब में सार्वजनिक प्रसारण का विस्तार

482. श्री चरनजीत सिंह चन्नीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का प्रस्ताव पंजाब में सार्वजनिक प्रसारण, क्षेत्रीय समाचार आउटरीच या सामुदायिक मीडिया सेवाओं का विस्तार करने का है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा पंजाबी भाषा की सामग्री में सुधार करने तथा सीमावर्ती, ग्रामीण और सांस्कृतिक मुद्दों के कवरेज को बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और

(घ) चालू वर्ष के दौरान ऐसे कार्यक्रमों के लिए आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से पंजाब में व्यापक लोक प्रसारण सेवाएं प्रदान करता है।

दूरदर्शन केंद्र (डीडीके), जालंधर से प्रसारित होने वाला 24x7 सैटेलाइट चैनल डीडी पंजाबी राज्य की संस्कृति, विरासत, समाचार और समसामयिक विषयों पर पंजाबी भाषा के कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। यह चैनल प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स और यूट्यूब पर भी उपलब्ध है।

पंजाब में दो कार्यक्रम निर्माण केंद्र हैं, डीडीके जालंधर और कार्यक्रम सृजन सुविधा केंद्र, पटियाला। दूरदर्शन केंद्र जालंधर में क्षेत्रीय समाचार इकाई 15-15 मिनट के 6 दैनिक पंजाबी समाचार बुलेटिन और 3 साप्ताहिक पंजाबी समसामयिक विषयों के कार्यक्रमों का प्रसारण करती है। इनमें सीमावर्ती क्षेत्रों, ग्रामीण विकास, संस्कृति और जनहित के अन्य मुद्दे शामिल हैं।

पंजाब के सभी आकाशवाणी स्टेशन संस्कृति, कृषि, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक हित के मुद्दों पर पंजाबी भाषा के कार्यक्रम प्रसारित करते हैं। आकाशवाणी के जालंधर क्लस्टर स्टेशन से पंजाब में पांच दैनिक समाचार बुलेटिन प्रसारित होते हैं, जिनमें तीन राष्ट्रीय और दो क्षेत्रीय हैं।

चालू वित्त वर्ष के दौरान, पंजाब के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन के ऐसे कार्यक्रमों के लिए कुल 9.48 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

दूरदर्शन का फ्री-टू-एयर डीटीएच प्लेटफॉर्म, डीडी फ्री डिश, पंजाब (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को छोड़कर) सहित पूरे भारत में उपलब्ध है। वर्तमान में इस प्लेटफॉर्म पर डीडी पंजाबी के साथ पंजाबी भाषा के चार निजी समाचार एवं समसामयिक विषयों के चैनलों का प्रसारण किया जा रहा है, जिससे पंजाबी भाषा की सामग्री तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित हो रही है। इसके अतिरिक्त, प्रसार भारती पंजाबी चैनलों सहित क्षेत्रीय भाषा के चैनलों को डीडी फ्री डिश प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करता है।

*****